# गुलड़िया धीमर में नल से जल आपूर्ति शुरू: जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित, लोग रहे मौजूद

लाल सिंह | मुझैना संतोष(नबावगंज), बरेली
2 महीने पहले



जल जीवन मिशन।

बरेली के नवाबगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत गुलड़िया धीमर में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित ग्रामीण पेयजल योजना का जल अर्पण दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय छत्रपाल सिंह और डॉ. एमपी आर्य ने सहभागिता की और ग्रामवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के कार्यों का अवलोकन किया।

यह योजना ग्रामीण जीवन की मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्ध शासन-व्यवस्था के तहत जल जीवन मिशन ने देश भर में गाँव-गाँव तक नल से जल पहुँचाने के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से साकार किया है।

इस महत्वपूर्ण योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजन समिति, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामवासियों को बधाई दी गई।